## खबर संक्षेप

### कटनी वनमंडल में कल से शुरू होगी गिद्धों की गणना

**कटनी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कटनी सहित पूरे प्रदेश में गिद्ध गणना का कार्य 20 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जाएगा। वनमंडलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार ने बताया कि यह गणना वन विभाग की टीम द्वारा वन परिक्षेत्र कटनी, रीठी एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत किया जायेगा। जिले में गिद्ध गणना तीन दिवस चलेगी। तीनों दिन प्रातः 6.30 बजे से गिद्धों की गणना प्रारंभ होगी । गिद्ध गणना वर्ष-2026 में स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति उपवन मंडलाधिकारी पूर्व से संपर्क कर सकते हैं और गिद्धों की गणना में भागीदारी निभा सकते हैं।

### डेयरी समितियों को क्रियाशील करने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने नवगठित डेयरी सहकारी समितियों को कार्यशील बनाने, मछुआ सहकारी समितियों को पट्टा देने एवं के.सी.सी. वितरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही, पैक्स पुनर्गठन के पश्चात नवीन पैक्स समितियों की आस्तियों एवं दायित्वों का बटवारा, बैंक खातों खोलने, कार्यालय की स्थापना, कर्मचारियों की पदस्थापना एवं लेखा परीक्षण की कार्यवाही कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में पुर्नगठित नवीन पैक्स समितियों के पैक्स कंप्यूटराईजेशन कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने पशुपालन एवं कृषि विभाग के समन्वय से दुग्ध समितियों के गठन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता राजयश वर्धन कुरील, उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन कॉपरेटिव बैंक की नोडल अधिकारी जयति विलथरिया, नाबार्ड के जिला प्रबंधक विकास जैन सहित और मतस्य पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद है।

### विजयराघवगढ़, कैमोर, बरही में शिविर आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार 19 फरवरी को संकल्प से समाधान अभियान के तहत नगर परिषद विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 3 के सामुदायिक भवन में यहां के वार्ड नं 4 अंबेडकर वार्ड, वार्ड नं 5 शिवाजी वार्ड और वार्ड नं 6 संकटमोचन वार्ड के लिए शिविर लगेगा। जबकि गुरूवार को ही नगर परिषद कैमोर में सामुदायिक भवन में वार्ड क्रमांक 4 राजीव नगर वार्ड, वार्ड नं 5 गांधी नगर वार्ड, वार्ड नं 6 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड, वार्ड नं 8 इंद्रा नगर वार्ड के लिए शिविर आयोजित किया गया है। जबकि नगर परिषद बरही के सब्जीमंडी रंगमंच के पास वार्ड क्रमांक 4 चंद्रशेखर वार्ड वार्ड नं 5 डॉ राममनोहर लोहिया वार्ड, वार्ड नं 8 लाल बहदुर शास्त्री के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों का इन शिविरों में निराकरण किया जायैगा और पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किया जाएगा।

### कैमोर थाना क्षेत्र के शासकीय स्कूल बरन महंगवा में बच्चे की मौत से कटघरे में सिस्टम

# दीवार ढहने से 5वीं का छात्र नीचे दबा और थम गई सांसें, मासूम की मौत का जिम्मेदार कौन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय स्कूलों में व्याप्त विसंगतियों का समय पर समाधान नहीं करने एवं सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिये जाने पर अप्रिय घटनायें सामने आ जाती हैं। जिले में एक सैकड़ा से अधिक ऐसे स्कूल चिन्हित किये गये हैं जहां भवनों की हालत खस्ताहाल है। इसके अलावा कई स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्थाओं में भी गंभीर चुनौतियां हैं लेकिन विभागीय अधिकारी बेपरवाह रवैया अपनाये हुए हैं। जर्जर स्कूलों के छप्पर, प्लास्टर गिरने से कई बार विद्यार्थियों के चोटिल होने की घटनायें हो चुकी है बावजूद इसके सुरक्षा को लेकर गंभीरता नहीं बरती गई। कैमोर थाना अंतर्गत बमहनगवां शासकीय स्कूल में बुधवार को हुए हादसे ने सभी को झकझोर के रख दिया। स्कूल परिसर की जर्जर दीवार ढहने से कक्षा 5वीं के 11 वर्षीय छात्र राजकुमार बर्मन की मलबे में दबकर मौत हो गई।





मृतक के चाचा सत्यम ने बताया कि उनका भतीजा राजकुमार बर्मन रोज की तरह आज भी स्कूल गया था। इसी दौरान वह विद्यालय परिसर में बने शौचालय का उपयोग करने गया, तभी जर्जर हो चुकी बाथरूम की दीवार उसके ऊपर गिर गई।

दीवार गिरने की आवाज सुनकर उसकी नौ वर्षीय बहन मौके पर पहुंची और मलबे में दबे अपने भाई को निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। इसके बाद उसने घटना की जानकारी शिक्षकों और अपने परिजन को दी। सूचना मिलते ही शिक्षक और परिजन मौके पर पहुंचे और मलबे को हटाकर छात्र को बाहर निकाला।

घटना की जानकारी एम्बुलेंस को दी थी, लेकिन वह समय पर नहीं पहुंची। इसके बाद ऑटो रिक्शा बुक करके वे उसे विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिजन मोहित बर्मन और सत्यम बर्मन सहित अन्य लोगों का आरोप है कि विद्यालय के खंडहर हो चुके शौचालय और भवनों के सुधार कार्य के लिए कई बार शिक्षकों को मौखिक रूप से अवगत कराया गया था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसी लापरवाही का खामियाजा छात्र राजकुमार को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि ने बताया कि घटना के बाद हमने एक टीम गठित कर दी है और हादसे के हर पहलू की जांच कराई जा रही है। ग्रामीणों ने शिकायत किसे दी थी और इस मामले में लापरवाही क्यों बरती गई? इसकी भी जांच हो रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घटना के संबंध में एएसपी डा. संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंचे शव पोस्टमार्टम कराया है। मर्ग कायम कर जांच की जाएगी, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसपर कार्रवाई की जाएगी।



## सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिये युवा दे रहे इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में 17 फरवरी की रात को सतना जिले के 785 युवाओं का फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट हुआ। अग्निवीर भर्ती रैली में मंगलवार की रात को जबलपुर, कटनी, शहडोल, उमरिया व अनूपपुर जिले के युवाओं ने भर्ती रैली में भाग लिया। इस दौरान युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा जांच के साथ-साथ दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी में 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले अग्निवीर भर्ती में 15 जिलों के 5 हजार 374 उन युवाओं को आमंत्रित किया गया है। जिन्होनें सेना द्वारा आयोजित कामन इंट्रेंस टेस्ट की लिखित परीक्षा को पास कर लिया है। जबकि गुरूवार 19 फरवरी को सभी जिलों के 730 युवा तथा शुक्रवार 20 फरवरी को 638 युवा एवं सोमवार 23 फरवरी को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य की महिला अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होंगी और दस्तावेजों का सत्यापन कराएंगी इसके साथ ही फिजिकल एवं मेडिकल परीक्षण भी होगा।

अग्निवीर भर्ती रैली के माध्यम से सेना में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेडसमेन आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों को नवीन पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल से लिंक आधार नंबर सहित वांछित सभी दस्तावेज लाना अनिवार्य है।

### मझगवां में एनएसएस के विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वरदान या अभिशाप' पर की गई बौद्धिक परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. संजयकांत भारद्वाज एवं श्रीमती रिचा दुबे के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मानव जीवन विकास समिति, मझगवां में किया गया।

शिविर के तृतीय दिवस दैनिक गतिविधियों के साथ बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः वरदान या अभिशाप एवं साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता" रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कुमार जैनेंद्र सिन्हा, डॉ. अर्पित द्विवेदी, डॉ. शिल्पी कुमारी एवं डॉ. मदन मरावी उपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि छात्राओं को ही मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष की भूमिका दी गई, जिससे उनके आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।



डॉ. अर्पित द्विवेदी ने साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन सुरक्षा उपायों तथा एआई से जुड़े प्रश्नों के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। वहीं डॉ. मदन मरावी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, लाभ एवं संभावित दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. शिल्पी कुमारी ने छात्राओं के नैतिक, सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास पर जोर देते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

कुमार जैनेंद्र सिन्हा ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सत्र के दौरान ऑडियो क्लिप के माध्यम से साइबर सुरक्षा संबंधी उपयोगी जानकारियां भी साझा की गईं। अतिथियों ने छात्राओं के मन में उठ रहे विभिन्न प्रश्नों का विस्तारपूर्वक समाधान किया।

यह परिचर्चा छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई, जिसने उन्हें आधुनिक तकनीक के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं से अवगत कराते हुए सुरक्षित, सजग एवं जागरूक भविष्य की ओर प्रेरित किया।

### आबकारी ने कार्यवाही कर जब्त की 75 हजार रूपए की शराब



जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशों के तहत आबकारी विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वृत्त कटनी क्रमांक-3 अंतर्गत आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में वृत्त क्रमांक 1, 2 एवं 3 की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मानपुर, टेढ़ी एवं बिचपुरा में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई के दौरान 25 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा तथा प्लास्टिक के गुमों में संग्रहित लगभग 720 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 75 हजार रुपये से अधिक आँकी गई है। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष सामग्री नष्ट की गई। आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(1)च के अंतर्गत कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। इस संयुक्त कार्रवाई में वृत्त क्रमांक-3 प्रभारी आंचल प्रजापति, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके सहित स्टाफ की भूमिका रही।

## दो कबाड़ दुकानदारों पर 6 हजार रुपये का स्पॉट फाइन, एक की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा बुधवार को मदनमोहन चौबे वार्ड अंतर्गत बरगवां के रिहायशी क्षेत्रों में अनधिकृत रूप से संचालित तीन कबाड़ व्यवसायों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सार्वजनिक मार्गों पर कबाड़ सामग्री फैलाकर आवागमन बाधित करने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन कबाड़ व्यवसायियों पप्पू भाईजान, मोहम्मद रईस एवं मोहम्मद पर तीन-तीन हजार रूपये का स्पॉट फाईन किया जाकर एक अन्य कबाड़ व्यवसायी सदिक की दुकान के बहार रखी कबाड़ सामग्री जब्ती की कार्रवाई की गई।



अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित व्यवसायी रिहायशी क्षेत्र में कबाड़ का व्यवसाय संचालित कर रहे थे, जिससे न केवल आसपास के रहवासियों को असुविधा हो रही थी, बल्कि सार्वजनिक आवागमन भी प्रभावित हो रहा था। पूर्व के सूचित करनें के पश्चात भी नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए दो कबाड़ व्यवसाईयो पर कुल 6 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाते हुए एक अन्य कबाड व्यवसायी की मार्ग में रखी कबाड़ सामग्री जप्त की जाकर दोबारा नियमानुसार ही व्यवसाय संचालित करने की हिदायत दी गई।

अतिक्रमण प्रभारी ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के नियम विरुद्ध तरीके से व्यवसाय करते हुए सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करने पर कार्यवाही होगी।

### परीक्षा संबंधी जानकारी अद्यतन रखते हुए डिस्प्ले करने के निर्देश

## डाइट की टीम ने किया बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण और टटोली शिक्षा की नब्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार डाइट कटनी के दल ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा का निरीक्षण तेवरी, स्लीमनाबाद, पान उमरिया एवं ढीमरखेड़ा में किया। सभी केंद्रों में परीक्षा नियमानुसार संचालित पाई गई! निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों में फर्स्ट एड किट रखने एवं सभी परीक्षा कक्षों में परीक्षा संबंधी जानकारी को अद्यतन रखते हुए डिस्प्ले करने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के पश्चात दल द्वारा मुरवारी एवं सिंलौडी में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों के अकादमिक स्तर की जांच की गई तथा विद्यार्थियों से



संवाद भी किया गया। संवाद के दौरान नकल के दुष्परिणामो पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों के माता पिता से उनके शैक्षणिक स्तर एवं दिनचर्या को व्यवस्थित करने हेतु बातचीत की गई। स्कूल मॉनिटरिंग के पश्चात सिलोंड़ी एवं दशरमन जन शिक्षा केन्द्रों की सभी प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1/2/3 का अध्यापन करने वाले शिक्षकों से मौखिक भाषा विकास, पठन, लेखन एवं चिंतन की प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा की गई एवं सभी शालाओं को निपुण बनाने हेतु एक्शन प्लान बताया गया साथ ही शिक्षकों को अपनी फिटनेस के प्रति सजग रहने के साथ साथ दैनिक डायरी एवं दिनचर्या संधारण के महत्व पर विस्तारित संवाद किया गया। बालिका छात्रावास सिलौड़ी में छात्राओं का आकलन करते हुए उन्हें निरन्तर समझकर पढ़ने एवं रटने की प्रवृत्ति को छोड़ने हेतु सुझाव दिये गये। सभी छात्राओं का आकलन भी किया गया। विश्लेषण के पश्चात सुधारात्मक उपाय किए जायेंगे। डाइट फैकल्टी द्वारा ढीमरखेड़ा जनपद शिक्षा केंद्र की पूरी टीम की उत्कृष्ट अकादमिक कार्य हेतु सराहना की गई।

निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के दौरान डाइट फैकल्टी वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी, राकेश सिन्नरकर, बी आर सी प्रेम कोरी, बी ए सी रामनाथ पटेल,जन शिक्षक सत्यदेव महोबिया, संतोष बर्मन, सुशील पटेल,श्रीकांत त्रिपाठी सतेंद्र बागरी वार्डन सिलौड़ी सुनीता कुशवाहा उपयंत्री बी एम दहायत की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### बकाया राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा कर निगमायुक्त ने दिए निर्देश

## कम वसूली पर जताई नाराजगी, एक की वेतन वृद्धि रोकने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति एवं निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु नगर निगम के गठित अमले द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं वसूली की प्रगति की आयोजित समीक्षा बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों वसूली कार्य में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शेष बचे 41 दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दैनिक वसूली में वृद्धि सुनिश्चित की जाए तथा बकायादारों से नियमित संपर्क बनाए रखा जाए।

बैठक में निगमायुक्त सुश्री परिहार नें विगत वर्ष की तुलना में अब तक की गई वसूली की समीक्षा



के साथ ही वार्डवार की जा रही वसूली की विस्तार से समीक्षा के दौरान वसूली कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 कर्मचारियों का उत्साहवर्धन ताली बजाकर किया जाकर प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं निम्न वूसली वाले 7 कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त की जाकर एक सप्ताह में वसूली सुधारनें की हिदायत दी गई, वहीं एक कर्मचारी की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को डोर-टू-डोर संपर्क बढ़ाने, नागरिकों को कर भुगतान के प्रति जागरूक करने एवं उपलब्ध ऑनलाइन माध्यमों के प्रचार-प्रसार करनें तथा पी.ओ.एस मशीनों से डोर टू डोर वसूली कार्य करने पर भी जोर दिया।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि जिन करदाताओं द्वारा नोटिस, अनुस्मारक एवं अन्य विधिक कार्यवाही के पश्चात भी बकाया कर जमा नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली नगर निगम के विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से सीधे जुड़ी है, अतः इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक कार्यवाही से बचने हेतु समय पर अपने बकाया करों का भुगतान करें एवं नगर विकास में सहभागी बनें।

बैठक में सहायक राजस्व अधिकारी श्री नायक ने वर्तमान डिमांड एवं अब तक की जा चुकी वसूली की जानकारी दते हुए बताया कि विगत वर्ष 16 फरवरी 2025 तक 3.2 करोड़ रूपये की वसूली की गई थी। वित्तीय वर्ष में 16 फरवरी 2026 तक 3.83 करोड़ रूपये की वसूली की जा चुकी है तथा अब तक 13 बकायेदारों के नल कनेक्शन विच्छेदित किए गए है। बैठक में वार्डवार वसूली कम होने तथा जलकर की पिछली बकाया राशि के एवज में न्यूनतम वसूली किये जाने पर निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर वसूली कार्य में और अधिक गति लाने के निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिए गए।

## लक्ष्य पूरा नहीं हुआ तो सचिव एवं जीआरएस के विरुद्ध सेवा समाप्ति की होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला पंचायत कटनी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी द्वारा जनपद पंचायत बड़वारा में सभी ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, उपयंत्रियों एवं शाखा प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन ग्राम पंचायतों में समग्र ई-केवाईसी 95 प्रतिशत से कम पूर्ण हुई है, वे आगामी 7 दिवस में प्रगति सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिन पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस की प्रगति 90 प्रतिशत से कम है, उन्हें 15 दिवस के भीतर लक्ष्य पूरा करना होगा। निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं होने पर संबंधित



ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

### ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी

अधिकारियों ने दो टूक कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रगति नहीं होने पर संबंधितों पर कठोर कार्रवाई तय है। बैठक के दौरान प्रभा टेकाम द्वारा लापरवाही बरतने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा करते हुए सख्त चेतावनी दी गई तथा लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक यंत्री प्रियंका लखेरा, एपीओ डॉ. अजीत सिंह, अंकित श्रीवास्तव सहित सभी उपयंत्री उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गंदगी फैलाने पर 3400 रुपये का स्पॉट फाइन

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में गंदगी करने पर संबंधितों पर 3 हजार 400 रुपये के स्पॉट फाइन किया जाकर जाकर स्वच्छता नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर गंदगी फैलाने वालों पर 800 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में चाट ठेला संचालकों सहित विश्राम बाबा बार्ड में चौरसिया जलपान गृह के संचालक द्वारा दुकान के सामने गंदगी किये जाने पर 1000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया जाकर दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित स्थलों पर ही डालने की अपील की गई। वहीं जोन क्रमांक 3 एवं 4 में भी चलाये गए अभियान के दौरान गंदगी पाये जाने पर 1 हजार 600 रुपये की चालानी कार्यवाही की जाकर संबंधित दुकानदारों को दुकानों में डस्टबिन रखने की हिदायत दी गई।

### हरदी कुटी में श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**उमरियापान।** उमरियापान के समीप स्थित हरदी कुटी में संत कौशिल्या दास महाराज के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन भक्तिभाव एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हो रहा है। महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।प्रातःकाल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञवेदी की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। वातावरण वेद मंत्रों की गूंज एवं भक्ति रस से सराबोर है। यज्ञाचार्य ज्ञानजी महाराज द्वारा विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है। महायज्ञ के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा हैं।

### सिद्धेश्वर धाम में ग्यारह कुण्डी शिवरुद्र यज्ञ 21 से

**उमरियापान।** खंदवारा के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम में 21 फरवरी से ग्यारह कुण्डी शिवरुद्र महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यह धार्मिक आयोजन 28 फरवरी तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। यज्ञाचार्य पं. गोविंद प्रसाद मिश्रा के मार्गदर्शन में विधि-विधान से यज्ञ की सभी अनुष्ठानिक प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाएंगी। यज्ञ के साथ-साथ प्रतिदिन कथा व्यास साध्वी प्रेमलता द्वारा भगवान की कथा का रसपान कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित कर सकेंगे। सरपंच रविन्द्र सिंह ठाकुर ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बनने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने कहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ की तैयारियों जोरों पर हैं।

### जनगणना के कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त करने निर्देश

**कटनी।** जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में किया जाना है। जिसके प्रथम चरण तथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य समय सीमा में सम्पादित किये जाने हेतु 19 एवं 20 फरवरी 2026 को प्रातः 10:30 बजे से जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार मे आयोजित किया गया है। आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सुश्री तपस्या परिहार आई.ए.एस ने नगर निगम सीमान्तर्गत जनगणना कार्य हेतु नियुक्त निगम के नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्धारित तिथि 19 एवं 20 फरवरी को प्रातः 10: 30 बजे से जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक के लिए नगर जनगणना अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक तथा तीन जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा को वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक, असित खरे को वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 35 एवं 37 से 45 तक के लिए अंशुमान सिंह को नियुक्त किया गया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी एवं एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया अभियान

# अवैध कारोबार पर संयुक्त कार्यवाही, पुलिस एवं आबकारी ने जब्त की डेढ़ लाख रूपए की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले भर में देशी विदेशी एवं कच्ची शराब की अवैध बिक्री जोरो से चल रही है। शराब की अवैध बिक्री को लेकर आये दिन ग्रामीण एवं महिलाओं द्वारा प्रदर्शन भी किया जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन जिले के मुखिया के चौखट तक पहुंच चुका है। कई बार ग्रामीण महिलाओं ने स्वयं शराब की अवैध बिक्री के ठिकानों में पहुंचकर शराब जब्त करके कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं एसपी कार्यालय में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर चुकी हैं। मामले को संज्ञान में लेकर कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर आबकारी एवं पुलिस कर्मियों ने शराब की अवैध बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए लाखों रूपए की अवैध शराब जब्त की है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशों के तहत आबकारी विभाग द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक-3 अंतर्गत आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में वृत्त क्रमांक 1, 2 एवं 3 की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मानपुर, टेढ़ी एवं बिचपुरा में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्रवाई के दौरान 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा प्लास्टिक के गुमों में संग्रहित लगभग 720 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 75 हजार रुपये से अधिक आँकी गई है। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष सामग्री नष्ट की गई। आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(1)च के अंतर्गत कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। कार्रवाई में आंचल प्रजापति, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके की भूमिका रही।

इसी तरह वृत्त स्लीमनाबाद में बुधवार को आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त स्लीमनाबाद, कटनी क्रमांक 1 एवं 3 की संयुक्त टीम द्वारा वृत्त अंतर्गत ग्राम डोंगरिया, सिहुड़ी, भाटिया मोहल्ला तेवरी में दबिश दी गई । जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान, 33 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं प्लास्टिक के गुमो में 705 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क एवं 34(1) च के तहत 13 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया ।

कार्यवाही में वृत्त स्लीमनाबाद के प्रभारी अतुल कुटार , आबकारी उपनिरीक्षक आंचल प्रजापति , केशव उइके एवं आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया, राम सिंह, चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, अनुराग शर्मा का योगदान रहा ।

### पुलिस ने यहां की कार्यवाही

इसी तरह पुलिस द्वारा भी विभिन्न स्थानों में दबिश देकर शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ पुलिस ने सबसे अधिक 10 मामले दर्ज किए हैं जिनमें संतोष चौधरी, रवि शिवहरे और बिहारी साहू आदि आरोपियों से कुल 191 पाव देशी मदिरा और गोवा व्हिस्की बरामद की गई। बरही पुलिस ने 6 अलग-अलग कार्रवाइयों में विमला सिंह, सोनेलाल और अन्य से भारी मात्रा में पाव जप्त किए गए। स्लीमनाबाद पुलिस ने सुनील जायसवाल और सिया राम कोल से कुल 57 पाव देशी शराब पकड़ी गई। साथ ही संजेश सपेरा से 15 लीटर महुआ शराब जप्त की गई। ढीमरखेड़ा पुलिस ने हाँ 5 अलग-अलग मामलों में अरविंद साहू, अंगद कोल और अन्य से 15 लीटर कच्ची शराब और 40 पाव देशी शराब बरामद की गई। माधवनगर और कुठला पुलिस ने मोतीलाल और दीनदयाल (तखला) से 10 लीटर और कुठला पुलिस द्वारा सुनीता व दामिनी से 4 लीटर हाथ भट्टी शराब पकड़ी गई।



# बिना अनुमति चल रहे 3 निर्माण कार्यों की सामग्री की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत अवैध कॉलोनी के प्रकरणों सहित बिना सक्षम अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों के प्रकरणों एवं शिकायतों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा समय-सीमा की बैठक मे दिये गए सख्त निर्देशों के परिपालन में बुधवार को बिना सक्षम अनुमति के अनाधिकृत निर्माण की तीन शिकायतों पर निगम की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान बिना अनुमति निर्माण पाए जाने पर निगम अमले ने निर्माण सामग्री जब्त करते हुए कार्य बंद करानें की कार्यवाही की गई।

इस संबंध में अतिक्रमण प्रभारी श्री मानेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर बुधवार को बरगवां निरीक्षण के दौरान तीन लोगों द्वारा बिना सक्षम अनुमति के कराये जा रहे निर्माण कार्य पर मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थलों पर पंचनामा तैयार किया गया तथा निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री को जब्त किया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना विधिवत अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैध माना जाएगा और ऐसे प्रकरणों में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त करें, जिससे अनावश्यक दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों के अस्थाई अतिक्रमण सहित अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित कर नागरिकों को सुगम आवागमन व्यवस्था मुहैया कराने के प्रयास अनवरत जारी है।

## मप्र के बजट में कटनी जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं हुईं

# विजयराघवगढ़ किला के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए बजट प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कटनी जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के अनुरूप कटनी को खनिज, कृषि और पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की रूपरेखा बजट में स्पष्ट दिखाई दी। जिले के किसानों के लिए स्लीमनाबाद जल सुरंग परियोजना बड़ी राहत लेकर आई है। टनल की खुदाई का मात्र 400 मीटर कार्य शेष है और इसे अप्रैल 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना से कटनी, रीवा और सतना जिले की लगभग 2.45 लाख हेक्टेयर भूमि को नर्मदा जल से सिंचाई सुविधा मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे धान-गेहूं के साथ उद्यानिकी और दलहन उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

खनिज संपदा से समृद्ध कटनी को माइनिंग क्लस्टर के रूप में विकसित करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। पूर्व माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 56 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने की तैयारी है। सड़क, बिजली और जल आपूर्ति जैसे औद्योगिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है। लक्ष्य है कि कटनी देश का अग्रणी खनिज प्रसंस्करण केंद्र बने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को गति मिले। कटनी में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर बजट भाषण में दोबारा जोर दिया गया। भूमि आवंटन और प्रारंभिक निर्माण के लिए प्रावधान किए गए हैं। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल शुरू होने पर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, इस मॉडल को लेकर स्थानीय स्तर पर कुछ विरोध भी सामने आया है।

कटनी नगर निगम को 'कायाकल्प अभियान' के तहत बड़ी सौगात दी गई है। प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग पर नया रेलवे ओवरब्रिज (ROB) प्रस्तावित है।इसके अलावा ड्रेनेज सिस्टम के आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार के लिए अतिरिक्त फंड का प्रावधान किया गया है, जिससे शहर की जाम और जलनिकासी समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में पहल होगी।

ऐतिहासिक विजयराघवगढ़ किला के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। साथ ही बड़वारा एवं जनजातीय अंचलों में आधारभूत ढांचे और रोजगारोन्मुख योजनाओं को बढ़ावा देने की घोषणा की गई है।

सरकार का मानना है कि पर्यटन और जनजातीय विकास योजनाओं से स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।मप्र बजट 2026 में कटनी को सिंचाई, खनिज उद्योग, स्वास्थ्य, नगर विकास और पर्यटन सभी क्षेत्रों में संतुलित प्राथमिकता दी गई है।

## जैव उर्वरकों के उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजय राघवगढ़ में स्नातक स्तर की विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में जैव उर्वरकों का महत्व एवंफसलों में उपयोग की जानकारी दी गई । कृषि की वह पद्धति जिसमें विभिन्न प्रकार के जीवो जैसे जीवाणु कवक एक्टीनो माय सिटीज एवं शैवाल आदि को पहचान कर उनसे विभिन्न प्रकार के पर्यावरण हितैषी उर्वरक तैयार किए जाते हैं उन्हें जैव उर्वरक या जीवाणु खाद कहते हैं। नत्रजन स्थिरीकरण करने वाले जैव उर्वरक के अंतर्गत दलहनी फसलों के लिए राइजोबियम जीवाणु तथा गैर दलहनी फसलों के लिए एजेक्टोवैक्टर एजोस्पा इ रि लियम एसीटोबेक्टर अजोला एवं नील हरित काई आदि उपयोग में लाए जाते हैं। जो मृदा में वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण करके पौधों को उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। स्फुर घोलकजैव उर्वरक के अंतर्गत फॉस्फेटिका कल्चर का उपयोग सभी फसलों के लिए करते हैं जैव उर्वरकों का उपयोग बीज उपचार भूमि उपचार जड़ एवं कंद उपचार नर्सरी उपचार करने से उत्पादन में कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत 15 से 20% उत्पादन में वृद्धि का तकनीकी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया।

# दो दिनी राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में किया गया। महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य बृजलाल अहिरवार के मार्गदर्शन में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से हुई। इसके उपरांत अतिथियों एवं वक्ताओं का शॉल, श्रीफल एवं पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।

संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. मनीषा व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय-वस्तु से उपस्थित जनों को अवगत कराया। प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. सर्दूल सिंह संधू, डीन एवं विभागाध्यक्ष, जीव विज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने कर्क रोग एवं मधुमेह विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. मोनिका कपूर, सीएमओ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर ने "मधुमेहः वैश्विक महामारी का समाधान" विषय पर कार्ययोजना साझा की।द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. मीनल रहमान, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, जेएनयू, जयपुर (राजस्थान) ने कर्क रोग नियंत्रण में नैनो तकनीक की भूमिका पर अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त डॉ. जय प्रकाश अवस्थी, शासकीय महाविद्यालय उमरियापान ने मधुमेह के नैदानिक प्रबंधन में आयुर्वेदिक औषधियों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता सिंह बघेल एवं डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में राहत शक्ति अभियान की सराहना

# विगढ़ के 70 गांवों में 28 हजार से अधिक महिलाओं को किया गया लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मप्र जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ एवं जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह की अध्यक्षता में सावंद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नवांकुर राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा संचालित राहत शक्ति अभियान की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। बताया गया कि अभियान के माध्यम से अब तक विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लगभग 70 गांवों में करीब 28 हजार से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पोषण, स्वच्छता तथा आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निरंतर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श के माध्यम से महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है।

बैठक के दौरान समिति अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने सुझाव दिया कि अभियान को और प्रभावी बनाने हेतु गांव-गांव महिलाओं द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण एवं बिक्री की व्यवस्था विकसित की जाए। जिससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती व सुलभ स्वच्छता सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने नवांकुर सखी के माध्यम से महिला समूहों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्ययोजना बनाने की बात भी रखी। राहत शक्ति अभियान की प्रमुख विशेषताएंग्रामीण महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता,निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण एवं स्वास्थ्य परामर्श, किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा,महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण और सामाजिक झिझक व कुरीतियों को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

"हर बहन की शक्ति — हर गांव का विकास" के संकल्प के साथ राहत समर्पण सेवा समिति का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है और महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

## 28 फरवरी से 1 मार्च तक हाट-बाजार में दीदियां लगायेंगी स्टाल

# प्रदेश की राजधानी में महकेगा कटनी जिले का हर्बल गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मविश्वास अब प्रदेश की राजधानी तक अपनी खुशबू बिखेरने जा रहा है। जिले के बड़वारा ग्राम पंचायत के रागनी स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का स्टाल 28 फरवरी से 1 मार्च तक भोपाल के हाट बाजार में लगाया जाएगा। प्राकृतिक सुगंध, त्वचा-सुरक्षित गुणवत्ता और पर्यावरण अनुकूलता के कारण इस गुलाल की मांग लगातार बढ़ रही है।

खास बात यह है कि समूह को स्थानीय स्तर पर ही लगभग 550 किलोग्राम हर्बल गुलाल का ऑर्डर मिल चुका है। इन दिनों दीदियां दिन-रात मेहनत कर ऑर्डर पूरा करने में जुटी हैं, ताकि समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर आशीष तिवारी कहते हैं कि जिले के स्व-सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादों के विक्रय और विपणन की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। ताकि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं और दीदियां आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। "वोकल फॉर लोकल"की अवधारणा को फलीभूत करते हुए जिले में स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। समूह द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का भोपाल में स्टाल लगने से इसकी बेहतर मार्केटिंग और ब्रांडिंग होगी। पहले सीमित आय साधनों पर निर्भर रहीं बड़वारा की महिलाएं आज प्रशिक्षण और सामूहिक प्रयासों से एक सफल लघु उद्यम चला रही हैं।

आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को उत्पादन तकनीक, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद समूह ने फूलों, हल्दी, चुकंदर, पालक, गाजर और अन्य वनस्पतियों से पूरी तरह प्राकृतिक हर्बल गुलाल तैयार करना शुरू किया। यह गुलाल सुगंधित होने के साथ-साथ त्वचा के लिए सुरक्षित है, जिससे रासायनिक रंगों से होने वाली आंखों की जलन और त्वचा समस्याओं से भी बचाव होता है।

हर्बल गुलाल के तौर पर पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित होली का संदेश दे रही समूह की दीदियों का कहना है कि इस प्रयास से उनकी आमदनी तो बढ़ेगी ही।साथ ही आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। इससे वे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभा पायेंगी।

जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि रसायनयुक्त रंगों के दुष्प्रभावों को देखते हुए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हर्बल गुलाल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय बाजार में 550 किलो से अधिक का ऑर्डर मिल चुका है और रागनी समूह की दीदियां 28 फरवरी से 1 मार्च तक भोपाल हाट बाजार में भी अपनी सहभागिता देंगी, जहां कटनी के हर्बल गुलाल का स्टाल लगाया जाएगा।

बड़वारा की रागनी स्व-सहायता समूह की यह सफलता आज अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी उद्यमिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत कर सकती हैं।

# एनएसएस के 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का साथ दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन 18 से 24 फरवरी तक होगा। ग्राम पंचायत कचनारी के बिरासिनी देवी प्रांगण में उद्घाटन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम पंचायत पाली सरपंच दीनू सिंह ठाकुर तथा सचिव रामचंद्र एवं महाविद्यालय के प्राचार्य रतिराम ने किया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक को तथा मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में बिरासिनी देवी एवं सरस्वती माता की पुष्प अर्पण कर एवं तिलक वंदन कर किया गया उसके पश्चात NSS के स्वयंसेवी को बधाई तथा उन्हें 7 दिन तक किए जाने वाले कार्य के प्रति सजक एवं सहज तरीके से किस प्रकार किया जाए। इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ लक्ष्मी प्रसाद बागरी द्वारा इसके उद्देश्य तथा सात दिवस तक स्वच्छता कार्यक्रम ,पर्यावरण संरक्षण ,महिला सशक्तिकरण, जन स्वास्थ्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य बताएं इस शिविर में 50 छात्र /छात्रा भाग ले रहे हैं जो साथ दिवस उद्देश्यों का प्रचार प्रसार करेंगे उद्घाटन शास्त्र में डॉक्टर अंकुर उमर एवं डॉक्टर हेमंत चौरसिया मुस्कान राय ,अलका यादव सहित छात्र छात्राओं की उपस्थित रही।

## खास बातें

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग पर मेहंगवां कुर्सी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक मोटर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल की पहचान लाल जी विश्वकर्मा निवासी तिघरा भडार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे कटनी रेफर कर दिया गया।फिलहाल पुलिस द्वारा घटना की जानकारी जुटाई जा रही है और ट्रैक्टर चालक के संबंध में जांच की जा रही है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 23 फरवरी को

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार, 23 फरवरी को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। आगामी 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को होली उत्सव एवं 21 मार्च को ईद-उल-फितर सहित अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए जाने के दृष्टिगत बैठक का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट मधुवंतराव धुर्वे द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### शहरों में अधोसंरचना विकास के लिए द्वारका योजना

**पन्ना।** विधानसभा में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का 4 लाख 38 हजार 317 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसके तहत शहरों में अधोसंरचना विकास के लिए द्वारका योजना आरंभ करने का निर्णय भी लिया गया। इस योजना में आगामी तीन वर्षों में 5 हजार करोड़ रूपए का निवेश संभावित है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में आबादी भूमि पर मालिकाना अधिकार की योजना में मुद्रांक एवं पंजीयन का समस्त शुल्क राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। यह देश में अपने तरह का पहला नवाचार है। इसके लिए 3 हजार 800 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

मां से बिछड़े बाघ ने बाड़े में शिकार सीखा, संघर्ष नहीं, लेकिन संघर्ष में घायल बाघ का भी नहीं पता, उसे भी खतरा

# टाइगर रिजर्व में कान्हा से लाए गए साढ़े तीन साल के बाघ की आपसी संघर्ष में हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जंगल की चुनौतियों ने एक युवा नर बाघ की जान ले ली बचपन में मां से बिछड़ने के बाद इस बाघ को वन विभाग ने पाला था। उसे कई महीनों तक शिकार का प्रशिक्षण दिया गया, लेकिन जंगल की वास्तविक चुनौतियों ने उसे 35 दिन में ही तोड़ दिया दरअसल वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कान्हा से लाए गए बाघ की आपसी संघर्ष में मौत ने इनकी सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रबंधन के पास सिर्फ तर्क हैं, लेकिन उपाय नहीं। संघर्ष में दूसरे बाघ को खरोंच भी न आई हो ऐसा संभव नहीं है। वह भी घायल हुआ होगा। उस बाघ की प्रॉपर निगरानी इसलिए जरूरी है कि कहीं घाव में संक्रमण के कारण उसकी मौत भी न हो जाए। प्रबंधन यह कहकर बात टाल रहा है कि जंगल में ऐसा होता रहता है। यह सब नेचुरल है। घाव ठीक हो जाते हैं। भले ही बाघ सुरक्षित है, लेकिन उसकी निगरानी और सतर्कता बरतने में लापरवाही फिर भारी पड़ सकती है। चार दिन बाद भी घायल बाघ के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। कुछ समय पहले जिन 3 बाघों को रेडियो कॉलर पहनाई गई थी उनसे भी लंबे समय से सिग्नल मिलना बंद हैं टाइगर रिजर्व में वर्तमान में करीब 25 बाघों की मौजूदगी का दावा किया जा रहा है। इनमें से 22 बाघ-बाघिन राधा और उसकी बेटियों से जन्मे हैं। कुछ बाहर से आते-जाते रहे हैं मदर ऑफ टाइगर रिजर्व एन-1 राधा तीन बार में 10 शावक, उसकी बेटी एन-111 एक बार में 4 और एन-112 दो बार में 8 शावकों को जन्म दे चुकी हैं। प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ट्रैप कैमरों के जरिए बाघों की मॉनिटरिंग होती है। टाइगर रिजर्व में दमोह सागर और नरसिंहपुर तीन जिलों की सीमाएं लगती हैं कुल क्षेत्र 2339 वर्ग किमी है। नौरादेही में पहले पन्ना टाइगर रिजर्व और रातापानी से भी बाघों का मूवमेंट रहा है।

### नौरादेही के पहले बाघ को बाहरी बाघ ने मारा था, इस बार उल्टा

नौरादेही अभयारण्य के पहले बाघ किशन एन-2 की मौत 2023 में बाहरी बाघ से संघर्ष में हुई थी। इस बार उल्टा हुआ। यहां का बाघ बाहर से लाए गए बाघ पर भारी पड़ गया। पिछले महीने दक्षिण वन मंडल के ढाना रेंज में करंट से बाघ की मौत हुई थी। यह बाघ भी टाइगर रिजर्व का हो सकता है, लेकिन इसकी पुष्टि आज तक नहीं हो पाई। वजह यह है कि टाइगर रिजर्व के बाघों की पहचान संबंधी कोई रिकॉर्ड प्रबंधन के पास नहीं है।



### 2013 में भी हुआ था ऐसा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि जब मैं 2013 में कान्हा में था तब वहां घोरेला बाड़े में पले-बढ़े 2 ढाई साल के बाघ-बाघिन को रिलीज किया गया था। दोनों को खजराई से रेस्क्यू करके घोरेला में 2 साल तक रखा गया था। ये भी मां से बिछड़ गए थे। दोनों भाई बहन थे। इन्हें अल्फा-बीटा के नाम से जाना जाता था। घोरेला बाड़े में दोनों को शिकार करना सिखाया गया। कान्हा में छोड़े गए बाघ ने यहां के एक दूसरे बाघ को मार डाला था। कुछ समय बाद यहीं के एक बाघ ने उसकी जान ले ली। बाघिन को बाद में महाराष्ट्र शिफ्ट कर दिया गया था। जंगल की दुनिया अलग है। वहां हमारे हिसाब से कुछ नहीं होता। 2018 के पहले नौरादेही बाघ विहीन था। अब वहां 20-25 बाघ हैं। टाइगर जहां भी रहेगा वह पूरा एरिया कैप्चर करेगा एनटीसीए के दिशा निर्देश के आधार पर ही किसी प्रोजेक्ट पर काम होता है।

### एक ही जगह से मिले सिग्नल तो शक हुआ

बाघ को 18 जनवरी को मुहली रेंज में छोड़ा गया था। रेडियो कॉलर से उसकी मॉनिटरिंग चल रही थी। इस दौरान उसने गाय समेत 4 मवेशियों का शिकार भी किया था 12 फरवरी को उसका मूवमेंट दिखा इसके बाद 13 व 14 फरवरी को एक ही जगह से उसके सिग्नल आ रहे थे नई जगह पर आने के बाद कई बार वह एक ही जगह 2-2 दिन रहता था इसलिए वनकर्मियों ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लेकिन 15 फरवरी को भी उसी जगह सिग्नल मिलने पर शक हुआ। सुबह से तलाश शुरू हुई और शाम को उसका शव मिला। वेटनरी डॉक्टरों की पैनल ने पोस्टमार्टम किया। बाघ का सिर कुचला मिला था हड्डी टूटी थी 3 नाखून टूटे मिले थे नाखून के निशान थे तड़पने के दौरान पैर जमीन पर रगड़ने के निशान मिले थे।

### राधा के शावकों की तरह नहीं सीखा संघर्ष

2023 में पेंच टाइगर रिजर्व में बाघ अपनी मां से बिछड़ तो उसे कान्हा के घोरेला बाड़े में रखा गया। इस रिवाइल्डिंग सेंटर में उसने सिर्फ शिकार करना ही सीखा, लेकिन नौरादेही की क्वीन राधा के शावकों जैसा खुले जंगल में शिकार के साथ संघर्ष करना नहीं सीख पाया कान्हा से बाघ शिफ्टिंग प्रोजेक्ट में बड़ी खामी यह रही कि बाघ को मुहली रेंज में छोड़ते समय यह ध्यान नहीं रखा गया कि यहां आसपास दूसरे बाघ की टेरेटरी है। राधा से जन्में बाघ से संघर्ष होने का अनुमान है। क्योंकि इस इलाके में पहले राधा से जन्में बाघ-बाघिन देखे जाते रहे हैं।

### जहां पहले से टाइगर वहां नए की शिफ्टिंग ठीक नहीं

डॉ सुदेश बाघमारे वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ने बताया कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का एरिया काफी बड़ा है, लेकिन राधा से जन्में शावक अब बड़े हो गए हैं। वे काफी ट्रेंड भी हैं। कान्हा से बाघ शिफ्टिंग के पहले यह स्टडी जरूरी थी कि कहीं उसकी दूसरे बाघ से संघर्ष की स्थिति तो नहीं बनेगी। यदि आसपास पहले से टाइगर था तो वहां नया टाइगर नहीं छोड़ना था। यहां चूक तो हुई है।

# लीनेस क्लब द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

## मंच पर जीवंत हुई भारतीय नारी की विविध छवियां



**दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता अत्यंत भव्य, प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने भारतीय नारी के विविध रूपों को मंच पर जीवंत प्रस्तुत करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में तालियों की गूंज, उत्साह और सराहना का वातावरण बना रहा। इस प्रतियोगिता की विशेषता रही कि प्रतिभागियों ने समाज, इतिहास, राजनीति और कला जगत की प्रसिद्ध महिलाओं के किरदारों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच पर जब फूलन देवी का साहसी और संघर्षशील रूप सामने आया तो दर्शक भावुक हो उठे। वहीं मंजुलिका के रहस्यमयी और दमदार अभिनय ने सभी को रोमांचित कर दिया। फिल्मी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्रियों जैसे अनुष्का शर्मा, मुमताज, साधना, रेखा, दिव्या भारती, जयाप्रदा एवं माधुरी दीक्षित के लोकप्रिय गीतों और अंदाज की प्रस्तुति ने पूरे मंच को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। राजनीतिक क्षेत्र की सशक्त हस्तियों के रूप में स्मृति ईरानी, जे. जयललिता एवं कंगना रनौत के किरदारों ने भी दर्शकों को खूब प्रभावित किया। समाज सुधार और भक्ति परंपरा की महान नारियों जैसे सावित्रीबाई फुले और मीराबाई के प्रेरणादायक रूपों ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया। साथ ही, झूलेलाल के स्वरूप की प्रस्तुति और पंजाब की सांस्कृतिक अदाओं ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्ट डायरेक्टर जया बुधवानी, अमरजीत छाबड़ा, नीतू राय एवं दीप्ति श्रीवास्तव द्वारा सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन नारी शक्ति के विविध आयामों को पहचान दिलाते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन रोजी बग्गा द्वारा किया गया, वहीं सचिव ज्योति चिले की "आत्मविश्वास की पहचान" प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

# रोड़ ग्राम में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

## सुदामा चरित से मिला मित्रता और विनम्रता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



रोड़ ग्राम चौरसिया मुहल्ले में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस वातावरण भक्तिमय उल्लास से सराबोर रहा। कथा व्यास पंडित अरविंद व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की दिव्य मित्रता का भावपूर्ण प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम, समर्पण और निष्कपट भाव की मिसाल है। निर्धनता के बावजूद सुदामा के मन में कभी अहंकार या शिकायत नहीं थी। जब वे द्वारका पहुंचे तो भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं द्वार पर आकर अपने बालसखा का स्वागत किया। यह दृश्य बताता है कि सच्ची मित्रता में ऊंच-नीच, धन-दौलत या पद का कोई महत्व नहीं होता। पंडित व्यास ने कहा कि सुदामा चरित हमें सिखाता है कि जीवन में सच्चा मित्र वही है जो सुख-दुख में साथ निभाए। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा की लज्जा और संकोच को समझते हुए बिना मांगे ही उनके जीवन का अभाव दूर कर दिया। यह प्रसंग हमें विश्वास दिलाता है कि सच्चे हृदय से किया गया प्रेम और भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे जीवन में मित्रता, विनम्रता और संतोष को अपनाएं। कथा के समापन पर भजन-कीर्तन और आरती के साथ आयोजन संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत कथा के इस सात दिवसीय आयोजन ने पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया और सुदामा चरित के माध्यम से सादगी, निष्ठा और सच्चे संबंधों का प्रेरक संदेश छोड़ गया।

# संगठन सृजन अभियान के तहत बनाई बूथ कमेटिया

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा दमोह विधानसभा को ग्राम पंचायतो सिहोरा पड़रिया, बॉसा बॉसनी, राजा पटना, परसोरिया, इमलियाघाट, मनका का दौरा कर पंचायत स्तर पर बूथ कमेटिया नियुक्त की गई। बूथ कमेटिया नियुक्त करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि बूथ कमेटियो में प्रत्येक वर्ग पिछड़ा दलित आदिवासी सामान्य वर्ग की सदस्यता करवाकर उन्हें कमेटियों में प्राथमिकता से रखा गया है और उनका प्रयास है कि महिलाओ की भागेदारी भी अधिक से अधिक की जायें। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, अमर सींग बांसा सरपंच रोहन पाठक ने भी कहा कि भाजपा जनहितैषी योजनाओ का प्रचार प्रसार तो जमकर करती है किंतु जमीनी हकीकत यह है कि आम आदमी को रोजगार के लिये पलायन पूरे परिवार के साथ करना पड़ता है जिससे उनके बच्चे शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पाते केवल भाजपा के छुटभैय नेताओ का ही विकास हो रहा है। इस अवसर पर केशव विश्वकर्मा, संजु अहिरवाल, सुनील ठाकुर, सुखदेव यादव, बलराम यादव, शुत्रघन सिंह, अरविन्द सिंह सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# भव्यतापूर्वक हुआ भोले बाबा की शादी का दसवानी कार्यक्रम

**जबेरा।** नजदीकी ग्राम सिमरी जालम सिंह के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगड़ में भव्यता पूर्वक हुआ भोले बाबा की दसवानी का कार्यक्रम यह कार्यक्रम क्षेत्र के श्री रामदूत चिंतामणि हनुमंत लाल जी महराज चिलौद की कृपा से चौबीसा क्षेत्र की 12 वीं कांवड़ यात्रा मां नर्मदा के ग्वारीघाट से 11/02/2026से आरंभ होकर 14/02/2026 को जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंची जिसमें समस्त चौबीसा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कांवडियों ने जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में महाशिवरात्रि पर्व पर भोले बाबा को जल अर्पित किया। इस बीच उपकाशी रोड़ महादेव घाट एवं पटना मानगढ़ में में भोले बाबा का हल्दी चढ़ाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिव की शादी में सम्मिलित हुए। सभी शिव भक्तों द्वारा हर वर्ष दसवानी कार्यक्रम किया जाता है, इसी को लेकर आज पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण सिमरी जालम सिंह में दसवानी कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बुंदेलखंड का प्रसिद्ध बुंदेली व्यंजन समूदी जिसमें कड़ी,दाल, चावल, रोटी, दरया, पापड़ के रूप में महाप्रसादी का भव्य भंडारा आयोजित किया गया। इसके साथ ही रोड एवं सिमरी से दिवारी मंडली द्वारा सुंदर- सुंदर दिवारी की प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ ही इस पूरी कांवड़ यात्रा में सहयोग करने वाले समाजसेवियों का बालसंत श्री सीतारमण जू गुरुदेव सरकार के सानिध्य में विशाल बारहवीं कांवड़ पद यात्रा जो ग्वारीघाट जबलपुर से श्री देव जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर, जिसके संरक्षक श्री रामदूत चिंतामणि हनुमान मंदिर चिलौद की कृपा से शील्ड देकर सम्मानित किया जा रहा है।



# भयमुक्त परीक्षा और लक्ष्य निर्धारण पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिया संबोधन

## बम्हौरी पाँजी विद्यालय में कानून जागरूकता एवं करियर मार्गदर्शन सम्पन्न

**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार शासकीय पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला बम्हौरी पाँजी में विधिक साक्षरता शिविर एवं एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, पूजित कमल के द्वारा छात्र-छात्राओं को कानून एवं संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में पूजित कमल ने बच्चों को सरल एवं रोचक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कानून क्या है और समाज में इसकी आवश्यकता क्यों होती है। उन्होंने वन विभाग के नियमों की



जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं, जिनका पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। साथ ही उन्होंने वाहन चलाने के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नियम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। कार्यक्रम में संविधान, मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करता है, परंतु इसके साथ-साथ कुछ कर्तव्य भी निर्धारित करता है। पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय धरोहरों की रक्षा, देश की एकता और अखंडता बनाए रखना तथा सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हम सभी का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने मनुष्य और पशु जीवन के उदाहरण द्वारा समझाया कि समाज में नियमों का होना आवश्यक है, क्योंकि कानून के बिना व्यवस्था संभव नहीं है। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। यदि कोई विद्यार्थी डॉक्टर, पुलिस अधिकारी, आर्मी जवान या शिक्षक बनना चाहता है, तो उसे उसी अनुसार अभी से तैयारी प्रारंभ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि "आप जो आज सीखेंगे, वही भविष्य में आपके काम आएगा।" लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासनपूर्वक अध्ययन करने से ही मुकाम हासिल किया जा सकता है। आगामी 20 फरवरी से प्रारंभ होने वाली कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को भयमुक्त वातावरण में परीक्षा देने की सलाह दी। उन्होंने मानसिक तनाव न लेने, नियमित अध्ययन करने और आत्मविश्वास बनाए रखने पर बल दिया। बच्चों को निडर होकर अपनी बात रखने एवं अपने विचार व्यक्त करने का अवसर न खोने की सीख दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा गया, जिस पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक डॉक्टर, पुलिस, आर्मी एवं शिक्षक बनने की इच्छा व्यक्त की। यह विधिक साक्षरता शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान आशुतोष पाठक सहायक श्रेणी 3 एवं तिलक लोधी प्रधान आरक्षक, विद्यालय की ओर से प्रधानाध्यापक सीमा दुबे ,शिक्षक रवि लोधी, दुर्गेश दुबे, रितु श्रीवास, अतिथि शिक्षक ज्ञानेंद्र लोधी ,करुणा पाल उपस्थिति रही।

# कथा में गूंजा सृष्टि रचना का प्रसंग, समाज को मिला सदाचार और शांति का प्रेरक संदेश

**बनवार।** देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के समीप ग्राम जुझार में व्यारमा नदी के पावन तट पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पंडित श्री सालिगराम पांडे जी ने सृष्टि रचना और सनकादि ऋषियों के प्रसंग को सरल, सरस और भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को जीवन का गूढ़ संदेश दिया। कथा के दौरान बताया गया कि विष्णु भगवान की नाभि से प्रकट कमल से चौदह लोकों की उत्पत्ति हुई और उसी कमल से ब्रह्मा प्रकट हुए, जिन्हें सृष्टि निर्माण का आदेश मिला। यह प्रसंग केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं बल्कि जीवन की मर्यादा और कर्म सिद्धांत का प्रतीक है। आगे सनकादि ऋषियों द्वारा जय-विजय को दिए गए श्राप का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने समझाया कि जो भी धर्म और सत्य के मार्ग में बाधा बनता है, उसे अपने कर्मों का परिणाम अवश्य भुगतना पड़ता है। कथा व्यास जी ने समाज को प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति केवल जप, तप और पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे व्यवहार और आचरण में झलकनी चाहिए। यदि हम किसी को सुख नहीं दे सकते तो दुख भी न दें, यदि शांति स्थापित नहीं कर सकते तो अशांति फैलाने से बचें। यही सर्वोच्च भक्ति और सच्चा सत्कर्म है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जीवन में संयम, सेवा और सदाचार को अपनाएं, क्योंकि यही गुण समाज को मजबूत बनाते हैं। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे परिसर में भक्ति रस की धारा प्रवाहित होती रही। आयोजन ने क्षेत्र में नैतिक जागरूकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश प्रसारित किया, जिससे समाज में सकारात्मक सोच और सद्भाव को बल मिल रहा है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पहुंचे जनसंपर्क अधिकारी

## छात्रोंओ को बताएं सफलता के मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



शासकीय महाविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 7 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खैरी सिंगौरगढ़ में किया जा रहा है।शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आधारित है।शिविर में दैनिक प्रार्थना, प्राणायाम (योगासन) नाश्ता, परियोजना कार्य, भोजन व्यवस्था इसके उपरांत बौद्धिक सत्र के साथ ग्राम से संपर्क,ग्रामीण खेलकूद,सांस्कृतिक संध्या आदि आयोजित की जाती है। शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी वाई ए कुरैशी पहुंचे।जिन्होंने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए जीवन में सफल होने के लिए तीन मूल मंत्र बतलाएं। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन शैली किस प्रकार की होनी चाहिए,समय का हमारे जीवन में क्या महत्व है क्योंकि सभी को बराबर एक सा समय मिलता है सभी के पास 24 घंटे होते हैं वह समय का किस प्रकार से उपयोग करते हैं वही समय उनकी सफलता निर्भर करती है। इसके साथ उन्होंने बताया कि सभी को हमेशा सकारात्मक सोच रखना चाहिए। सभी एक सपना देखते हैं उसे हमें पूर्ण करने के लिए लगन से एकाग्र होकर मेहनत करनी चाहिए।हमेशा माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने होम्योपैथिक दवा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। अपने दैनिक जीवन में अनुभव किया उदाहरण के माध्यम से रोचक तरीके से छात्राओं को मोटिवेट किया इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमें सोशल मीडिया से दूर रहना है क्योंकि वर्तमान में एआई का जमाना है। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग से आए सुरेंद्र राज ने आयुष्मान कार्ड योजना, पोषण के बारे में,मानसिक स्वास्थ्य,नशा के दुरुपयोग के साथ शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीजी कॉलेज की जितेंद्र अहिरवाल के द्वारा सामाजिक कुरीतियों पर विचार व्यक्त किया ।वर्तमान समाज में फैली कुरीतियों और उनके समाधान शिक्षा के माध्यम में उसमें कैसे सुधार किया जाए के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कमल चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन शिविर प्रभारी डॉक्टर रश्मि तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मयंक जैन, शारदा कोरी, डॉक्टर भारती कपूर, डॉ मनोज पंकज, जितेंद्र अहिरवाल, सुखलाल साकेत, हेमंत साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ पंकज प्रवीण द्वारा किया गया।

# पड़रिया में छात्राओं को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेजगढ़ के समीपी ग्राम नवीन माध्यमिक शाला पडरिया में कक्षा आठवीं के छात्राओं का भाव भीनी विदाई समारोह किया गया। सरस्वती पूजन वंदना के पश्चात स्वागत गीत गाया गया। सभी छात्रों का माल्यार्पण कर कक्षा सातवीं की छात्रों ने किया इसी प्रकार कक्षा आठवीं के छात्रों को माल्यार्पण कर सातवीं के बच्चों ने किया। साथ पड़े साथ खेले के तीन वर्षीय अनुभव साझा किए गए। बच्चों ने विदाई गीतों की भावभीनी विदाई गीत गाये। सारे वातावरण को रंगीन बना दिया।



सभी बच्चों को पारितोषिक गिफ्ट दिए गए। कक्षा सातवीं और छठवीं के छात्राओं ने आठवीं के छात्राओं को गिफ्ट पेन किट प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक निगम जी ने कैसे आगे बढ़ाना है, कैसे नवमी में दसवीं में बढ़कर अपने विषय का चयन करके कैसे रोजगार की तलाश की जा सकती है। इस पर अपने टिप्स दिए। वही शिक्षक महेंद्र दीक्षित ने छात्रों को आने वाला भविष्य कैसे करना है, कैसे क्याक बनना है, क्या करके दिखाना है और समय का एक-एक क्षण एक- मिनट किस प्रकार उपयोग करके अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है पर बात कही और लड़कों से शपथ कराई। सोनाली मैडम ने भी छात्राओं को रोजगार के नए-सर्जनों के ट्रेंडों के विषय में बताया कि छात्रों को कैसे रोजगार मिल सकता है। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुति करके हंसी-खुशी के साथ सारे छात्रों की विदाई दी। यह विदाई समारोह कई वर्षों तक याद किया जाएगा।

## खास बातें

### त्रि दिवसीय रत्नत्रय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव कल से

**कुम्हारी।** पटेरा तहसील अंतर्गत कुम्हारी नगर में श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय जी में त्रि दिवसीय रत्नत्रय वेदी प्रतिष्ठा श्री जिनवाणी जी आस्थाप, कलशारोहण, वेदी सूतन, तिलक महामहोत्सव का आयोजन 20 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जा रहा है। इसमें 20 फरवरी शुक्रवार को श्री जिनवाणी आस्थाप, ध्वजारोहण, 21 फरवरी शनिवार को श्री जिनवाणी जी शोभायात्रा कलशारोहण, 22 फरवरी को श्री वेदी सूतन एवं तिलक महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय जी कमेटी एवं धर्मनगरी कुम्हारी वासियों ने सभी सजातीय बंधुओ से पधारने का निवदेन किया है।

### शांति समिति की बैठक 20 फरवरी को

**दमोह।** आगामी होली एवं रंगपंचमी पर्व पर कानून व्यवस्था के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 20 फरवरी को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी संबंधितो को बैठक में उपस्थित रहने आग्रह किया है।

### जगन्नाथपुरी तीर्थ के लिये ट्रेन 20 मार्च को जायेगी

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 20 मार्च 2026 को ट्रेन जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा के लिये जाना प्रस्तावित है। जो आवेदक (म.प्र. के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छूट, जो आयकर दाता नहीं है) जो अयोध्या की तीर्थ यात्रा के लिये जाना चाहते हैं, वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय (नगर पालिका/नगर परिषद/ जनपद कार्यालय में) अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिये 06 मार्च तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर सकते हैं। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने यात्रियों से अपेक्षा की है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्र, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री यथा कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा आवश्यक दवाईयां, दाढ़ी बनाने का सामान आदि साथ में रखें।

### राजेश कुमार जैन का निधन

**दमोह।** साई टोला भदौली में पदस्थ शिक्षक राजेश कुमार जैन का लंबी बीमारी के चलते 44 वर्ष अल्पआयु में दुखद निधन हो गया। जिसका अंमित संस्कार 19 फरवरी 2026 को ग्राम भदौली में किया जायेगा। वह अपने पीछे पत्नि, एक पुत्र एवं पुत्री को छोड गए वह चार भाईयों में सबसे छोटे थें।

### नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस जांच में जुटी

# नदी में कार गिरने के मामले में पत्नि की मौत परिजनों ने दामाद पर लगाए हत्या के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/नरसिंहगढ़



देहात थाने के नरसिंहगढ़ इलाके में पति पत्नी सहित कार नदी में डूब जाने के घटनाक्रम के बाद मंगलवार शाम से शुरू हुए सनसनी खेज हालात बुधवार को भी बन रहे। देर रात नदी से कार को बाहर निकाले जाने के बाद आज सुबह महिला का शव भी बरामद हुआ। लेकिन इसी के साथ मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाकर मामले में फिर सनसनी फैला दी। उल्लेखनिय है कि मंगलवार शाम नरसिंहगढ़ के ऑटो पार्ट्स व्यवसायी अमित उर्फ सुनील अहिरवार की कार चैनपुरा मार्ग पर सुनार नदी पुल से नीचे उतरकर करीब 40 फीट नीचे नदी के अथाह जल में समा गई थी। हादसे के वक्त सुनील के साथ उनकी पत्नी सपना भी कार में सवार थी। घटना के प्रत्यक्षदर्शी लोगों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद पानी में कार सहित समा गए दंपति की तलाश हेतु रेस्क्यू शुरू हो गया था। इस दौरान आश्चर्यजनक ढंग से सुनील कर के साथ साथ पानी से बाहर निकलने में सफल रहे थे जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर उनकी पत्नी सपना की तलाश देर रात तक की जाती रही थी लेकिन उनका कोई पता नहीं लग सका था। हालांकि इस दौरान देर रात क्रेन की मदद से पानी के अंदर से कार को बाहर निकलने में सफलता मिल गई थी.. लेकिन कार में सपना के नहीं मिलने से उनके डूब जाने अर्थात जल समाधि की आशंका जताई जा रही थी। जो आखिरकार सही साबित हुई। बुधवार को सुबह रेस्क्यू टीम ने गोताखोरों की मदद से सपना के शव को खोज कर किनारे पर लाने में सफलता हासिल कर ली थी। इसके बाद पुलिस में पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर राहत की सांस ली थी। क्योंकि मंगलवार शाम से लेकर देर रात तक तथा बुधवार सुबह से दोपहर तक पुलिस होमगार्ड गोताखोर टीम के साथ पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी महिला की तलाश हेतु नदी किनारे लगातार मौजूद रहे थे। लेकिन महिला का शव मिलने के साथ ही उसके माता-पिता ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि नदी में कार के साथ दंपति का डूबना महज हादसा नहीं बल्कि सपना को मौत की नींद सुलाने की एक सोची समझी साजिश थी।

मामले में सपना के पिता लुट्टन अहिरवाल का आरोप है कि उसके दामाद सुनील ने जानबूझकर कार को नदी में गिराकर उसकी जान ले ली तथा स्वयं सुरक्षित बाहर निकल आया। वही रहा सवाल कार के क्षतिग्रस्त होने का तो उसकी भरपाई बीमा से हो जाएगी। मृतका सपना के माता-पिता ने उसके पति सुनील पर सीधे हत्या के आरोप लगाते हुए कहा कि सपना के दो सीजर ऑपरेशन से दो बेटियां हुई थी। जबकि उसका पति अमित उर्फ सुनील अहिरवाल बेटे की चाहत में कई दिनों से सपना को प्रताड़ित करता था। वह सपना से छुटकारा पाना चाहता था इसलिए उसने उसे ठिकाने लगाने के लिए कार हादसे की यह साजिश रची थी। बेटी की मौत के बाद माता पिता अब सपना के पति और परिजनों को सलाखों के पीछे भेजना चाहते है। इधर पुलिस भी परिजनों के बयान के आधार पर साजिश के एंगल पर भी तफ्तीश में जुट गई है। मामले में नरसिंहगढ़ चौकी अभिषेक पटेल का कहना है कि परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है फिलहाल पोस्टमार्टम करा कर शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया है।

## अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ खाई में पहुंची तेज रफ्तार कार



**तेन्दूखेड़ा।** बुधवार की दोपहर 12 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर बम्हौरी डिपो के समीप एक तेज रफ्तार कार क्रमांक **MP** 20 **ZN** 8359अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ खाई में जा पहुंची। इस हादसे सभी सुरक्षित हैं घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार जबलपुर निवासी अनिल जैन अपने साथियों के साथ दमोह से जबलपुर जा रहे हैं लेकिन जैसे ही वह पिंडरई बम्हौरी के बीच पहुंचे तो अचानक कार अनियंत्रित हो गई। सड़क छोड़ खाई में जा पहुंची और पत्थरों से जा टकराई। अनिल जैन ने बताया कि मैं दमोह से एक कार्यक्रम में वापस अपने घर जबलपुर जा रहा था लेकिन अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर खाई में जा पहुंची और भारी-भरकम पत्थर से टकरा गई। कार के एयरबैग खुलने से सभी सुरक्षित हैं। मामूली चोंट बस आई है और सभी सुरक्षित हैं। वहीं हादसे के दौरान दमोह की तरफ से तेन्दूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व आ रहे थे जिन्होंने रुककर कार सवारों की मदद की और घटना की जानकारी ली। साथ ही एसडीएम द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी की दी गई। जहां सूचना मिलते ही थाना प्रभारी भी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं कार के पीछे चल रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने बताया घटना मेरे सामने हुई है। अगर कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराती तो सभी लोग इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो जाते या फिर बड़ी घटना घटित हो सकती थी लेकिन कार चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

### पीड़ित ने बैंक और हटा थाना में दिया आवेदन

## अज्ञात ठगों ने खाते से उड़ाये चार लाख रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में एक इलेक्ट्रिशियन के साथ लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, पीड़ति मठ्ठूलाल चौरसिया ने बैंक और हटा थाना पुलिस को आवेदन देकर अज्ञात ठगों पर कार्यवाही की मांग की। पीड़ित ने बताया कि उसे अज्ञात नम्बर से कॉल आया किसी मोनू दास नाम के व्यक्ति ने प्रलोभन देकर आवश्यक जानकारियां पूछी लेकिन उन्होंने मना कर दिया लेकिन वह फोन काटना भूल गए। आज सुबह एक व्यक्ति को फोन पे पर पैसे देने के लिए जैसे ही ट्रांजेक्शन किया तो फेल होने के बाद बेलेंस चेक करने पर उनके खाते से पैसे गायब देख होश उड़ गए। पीड़ति ने सम्बंधित बैंक जाकर खाते की जांच की तो उसमें दो बार मे क्रमशः 2 लाख और 1 लाख 99600/- करीब 4 लाख रुपए दो व्यक्तियों के खातों में जाना बताया गया है।पीड़ित का कहना है कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है बेटी की शादी के लिए मजदूरी कर पैसे जमा किये थे,पीड़ति ने बैंक और पुलिस से पैसा वापस किए जाने और अज्ञात ठगों पर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग, सूझबझ से पाया काबू



**जबेरा।** नगर स्थित बस स्टैंड पर विद्युत विभाग की डीपी ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ती जा रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी गई। विद्युत विभाग के अभियंता एमके महतो के निर्देशन में विद्युत विभाग के कर्मचारी संदीप पटेल,देवेंद्र ठाकुर ब स्थानीय युवक गौरव यादव की सूझबूझ व प्रयास से आग पर काबू पाया गया। नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। जानकारी देते हुए कनिष्ठ अभियंता एम के महतो ने बताया कि बस स्टैंड पर वर्तमान में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है जो कि ओवरलोड ब स्पार्किंग के कारण जल गया। वरिष्ठ अधिकारियों से कहकर अतिरिक्त 100 केवीए का ट्रांसफार्मर और रखवाया जा रहा है ताकि लोड डायवर्ट हो सके।वही आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर मैं व मेरा स्टाफ पहुंचा था, आग पर काबू पा लिया गया है।

## अनाहत से अनावरण तक मूर्तियां ही सनातन का स्तंभ- श्री भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



धर्मनगरी में आयोजित भव्य प्रतिमा अनावरण समारोह ने एक बार पुनः यह सिद्ध किया कि मूर्तियां केवल शिल्प नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा का साकार स्वरूप हैं। अनाहत अर्थात हृदय की दिव्य ध्वनि से लेकर अनावरण अर्थात प्रतिमा के प्रकट होने तक की यह यात्रा श्रद्धा, साधना और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक बनकर उभरी।यह पावन अनावरण परमपूज्य 1008 श्री भागवत दास त्यागी एवं रामायणी जी की दिव्य प्रतिमा का था, जिनका जीवन त्याग, भक्ति और रामकथा सेवा की अखंड साधना का अनुपम उदाहरण रहा है। उनकी स्मृति में स्थापित यह प्रतिमा न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए धर्मनिष्ठ जीवन का प्रेरणास्रोत भी बनेगी।

इस विराट आयोजन में विख्यात संत-पुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विष्णुसंप्रदाय प्रमुख जगतगुरु संतोषाचार्य जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे। समारोह की अध्यक्षता जगतगुरु नरेंद्रनंद सरस्वती ने की। आयोजन का संचालन महामंडलेश्वर अवध बिहारी दास जी महाराज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जबकि मंच संचालन श्री महंत श्रीभगवान रसिक वेदांताचार्य ने अत्यंत प्रभावपूर्ण शैली में किया। वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के मध्य जब प्रतिमा का अनावरण हुआ, तो वातावरण "हरि बोल" और "जय श्री राम" के उद्‌घोषों से गुंजायमान हो उठा। संतों एवं विद्वानों ने अपने उद्बोधनों में प्रतिपादित किया कि मूर्ति पूजन भारतीय दर्शन की वह धुरी है, जो निराकार ब्रह्म को साकार प्रतीकों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाती है। समारोह में भक्तश्रेष्ठ शुक्ला रानी गुप्ता (कोलकाता), रतन, रामेंद्र, दीप नारायण, पवन, शरद, डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, विजय शंकर त्रिपाठी, मदन मोहन जी, डॉ. श्रवण दास, शिव दास, मोहन दास कोतवाल, काशी की जनता जनार्दन सहित अनेकानेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। उनकी सहभागिता ने आयोजन को जन आस्था के महोत्सव में परिवर्तित कर दिया। अंत में प्रसाद वितरण एवं सामूहिक संकल्प के साथ यह प्रतिज्ञा ली गई कि सनातन संस्कृति के इन जीवंत प्रतीकों का संरक्षण एवं संवर्धन प्रत्येक श्रद्धालु का कर्तव्य है। प्रतिमा अनावरण का यह पावन उत्सव अनाहत नाद की भांति युगों तक श्रद्धा की ध्वनि प्रसारित करता रहेगा।

## छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने मारपीट की धाराओं में दर्ज किया मामला

**हटा।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसीलपुर में एक शादी समारोह के दौरान नृत्यांगना के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया, हालांकि मामला मारपीट की सामान्य धाराओं में पंजीबद्ध किया गया है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता शादी समारोह में नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने गई थी। इसी दौरान कमलू अहिरवार, देवेश नामदेव और विनोद रैकवार ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर ढोलक मास्टर झुर्रे प्रसाद अहिरवार, राजू अहिरवार और दशरथ अहिरवार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। मारपीट में पीड़िता को चोटें आईं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए हटा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। थाना हटा पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 296(b), 115(2) और 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीड़िता ने अपने आवेदन में छेड़छाड़ के भी आरोप लगाए हैं, जिसे लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर परिषद पटेरा द्वारा वार्ड क्रमांक 01 में संकल्प से समाधान अभियान के तहत पुरानी अस्पताल सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया। नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को नगर परिषद पटेरा वार्ड क्रमांक 1 में मंगल भवन परिसर पुरानी अस्पताल में शिविर आयोजित किया गए। आयोजित शिविर में उपस्थित नागरिकों को अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया। शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पार्षद कन्नू बंसल, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ ताम्रकार, पत्रकार नरेंद्र बजाज के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में 24 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 05 अनापत्ति प्रमाण पत्र, 06 पीएम स्वनिधि आवेदन , 01 प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 1 विधवा पेंशन योजना 1 हैंडपम सुधार, नल जल सप्लाई से संबंधी आवेदन प्राप्त किए एवं 16 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से धर्मेंद्र चक्रवर्ती महिला बाल विकास से श्रीमती मंजू करी एवं सीमा रैकवार तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास से प्रवीण लोक स्वास्थ्य विभाग से देवेश कुशवाहा एवं कल्पना राय एमपीयूडीसी विभाग से शुभम परिहार एवं नगर परिषद पटेरा से उपयंत्री नितिन सांडया, दानिश खान, अभिषेक पटेल, अमित दुबे, राहुल सोनी, लकी असाटी, सुनील पांडेय, कमलेश नामदेव , कम्मू अहिरवाल, नीतेश चौरसिया, मनोज ताम्रकार, विकास चौबे, सलमान खान , धीरज कोरी, थानसींग लोधी, अभिषेक पटेल, पवन रैकवार , इत्यादि उपस्थित रहे। एवं कल दिनांक 19/02/26 दिन गुरुवार को वार्ड क्रमांक 02 गांधी चौक चंडी जी प्रांगण में शिविर लगाया जाएगा।

## पटेरा नगर में पेयजल अव्यवस्था वितरण में जमकर अनियमितताएं

### 10 वर्षों तक मेंटिनेंस की जिम्मेदारी ठेकेदार की नगर वासी हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

हर घर नल जल योजना के अंतर्गत प्रारंभ की गई नल जल योजना से नगर वासी संतुष्ट नहीं है। एक दिन के अंतराल से पानी वितरण होता है न ही नल खुलने का समय निर्धारित है न पानी सुचारू वितरण हो पा रहा है। कहीं लोग एक घड़ा पानी भरने परेशान है तो कही कही सड़कों पर पानी बह रहा है। नगर परिषद का कहना है कि मेंटिनेंस की सारी व्यवस्थाएं दस वर्षो तक ठेकेदार को करना है। सारी जिम्मेदारी उन्हीं की है परंतु नियंत्रण परिषद का है। प्वाइंटों पर वाल्व नहीं है जिससे एक वार्ड में खुलने पर अन्यत्र भी पानी पहुंचता है व व्यर्थ बहता है। यहां ठेकेदार की तरह से पदस्थ सुपर वाइजर अंकुर तिवारी पर सारी योजनाएं निर्भर है। ठेकेदार रविन्द्र कुमार दुबे अपना भुगतान लेने के बाद से ही उनकी रुचि नजर नहीं आ रही है। इतने बड़े नगर में कोई भी टेक्निकल इंजीनियर कर्मचारी नहीं है। अंकुर तिवारी का कहना है कि नगर में 16 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है लेकिन उन्हें नौ लाख लीटर पानी मिलता है। प्रतिदिन 12 से 5 बजे तक पानी मिलता है। इसी बीच नल खोले जाते है जिससे सीधे पानी सप्लाई हो जाता है व 9 लाख लीटर को स्टोर कर लेते है। लेकिन इसके वितरण की सही व्यवस्था को वह नहीं समझा पाए। नलों में टोटियां न होने से कही पानी व्यर्थ बहता है पर इसको रोकने या कार्यवाही की कोई व्यवस्था नहीं है। पानी की टंकी स्टोरेज से वितरण टंकी में पानी भरते समय कर्मचारियों की लापरवाही से ओवर फ्लो हो जाता है व पानी व्यर्थ बह जाता है।

### समय पर नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

अंकुर तिवारी व उपयंत्री शुभम सिंह परिहार जो कि प्राइवेट रूप से कार्यरत हैं का कहना है कि पानी समय पर व पर्याप्त नहीं मिल रहा है। इसके अलावा मोटर खराब होने पर सुधार कार्य कराना जरूरी होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्मी में नदी में पानी कम हो गया है अतः गर्मियों में पुनः पीला मटमेला पानी फैलने का अंदेशा हो सकता है। अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद का कहना है कि पानी की असमान वितरण व्यवस्था में सत्ता पक्ष से जुड़े होने के बाद भी उनकी इमेज प्रभावित हो रही है। समय पर पानी नहीं, नल लीकेज हो रहे हैं तो पडरी तिराहा, गोपतला, आदिवासी वार्ड में पानी नहीं मिल रहा है। ठेकेदार रुचि नहीं ले रहा है। जहां नल कनेक्शन किया गया वहां महीनो बाद भी वैसा ही पड़ा है। उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार ने वार्ड ग्यारह व अन्य कई वार्डो में पानी असमान वितरण की बात स्वीकारी। नगर में 2456 नल कनेक्शन है यह जानकारी नीतेश पटेल ने दी। शीघ्र सुचारू व्यवस्था न होने पर नगर की आक्रोशित भीड़ गर्मी में शायद कोई अप्रिय निर्णय न ले, इस हेतु शीघ्र सुचारू व्यवस्था टेक्निकल कर्मचारी पदस्थ करने व व्यर्थ बह रहे पानी को व्यवस्थित करने की मांग की जा रही है। अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ इस चर्चा में सीएमओ प्रेम सिंह चौहान, पत्रकार नरेंद्र बजाज, राजा ताम्रकार सहित नगर के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## अवैध अतिक्रमण पर तहसीलदार ने दिया अंतरिम स्थगन आदेश

**दमोह।** शहर के वैशाली नगर के समीप टाईम्स कॉलेज के समीप स्थित नाला पर हो रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत एवं पटवारी के प्रतिवेदन पर तहसीलदार ने आगामी आदेश तक कार्य रोकने के लिये आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 18.02.2026 हल्का पटवारी के द्वारा इस आशय का प्रतिवेदन पेश किया गया है कि चौपरा खुर्द स्थित भूमि खसरा नं0 01 रकवा 2.582 हे0 भूमि जो पटवारी अभिलेख में म०प्र० शासन नाला मद में दर्ज है। उक्त खसरा नं0 01 के अंश भाग लगभग 250 वर्गफुट पर विवादित स्थल है। जिस पर अनावेदक अजय पिता वृदावन चौबे निवासी दमोह पिलर खोदकर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसको मौके पर जा कर रोका गया। किंतु अनावेदक द्वारा निर्माण कार्य रोकने से इंकार किया गया। अतः प्रथम दृष्टया पटवारी प्रतिवेदन से सहमत होते हुये खसरा नं० 01 रकवा 2.582 हे० के अंश भाग 250 वर्गफुट शासकीय भूमि होने से शासन को किसी प्रकार से अपूर्णीय क्षति न हो पाये। अतः अतिक्रमणधारी अजय पिता वृदावन चौबे निवासी दमोह को आगामी आदेश तक निर्माण कार्य करने पर अंतरिम स्थगन जारी किया जाता है। न्यायालय में दिनांक 24 फरवरी को अगली सुनवाई होगी।

### ई-अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर विद्यार्थियों को दी विस्तृत जानकारी

**तेंदूखेड़ा।** अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा, दमोह में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में "ई-अपशिष्ट प्रबंधन" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में ई-वेस्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उसके सुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शमा खानम एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अखिलेश कुमार पटेल उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में ई-अपशिष्ट के बढ़ते दुष्प्रभावों, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर उसके असर तथा उसके उचित निस्तारण की प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि डॉ. शमा खानम ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में ई-अपशिष्ट प्रबंधन एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यदि समय रहते जागरूकता और जिम्मेदारी नहीं अपनाई गई तो इसके दुष्परिणाम भविष्य की पीढ़ियों को भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. मनीषा कुमारिया ने बताया कि पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, कैप, टी-शर्ट एवं पुरस्कार भी वितरित किए गए, जिससे उनमें उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में इको क्लब सदस्य मेघ सिंह वर्मा, डॉ. अरूणेंद्र कुमार पटेल एवं डॉ. संध्या स्थापक का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. सुनील गिरी, डॉ. रश्मि मिश्रा, डॉ. नंदकिशोर निकोसे, डॉ. बालकृष्ण कुशवाहा, डॉ. रुचि द्विवेदी, श्रीमती सुमन अहिरवार, श्रीमती खुशबू रावत, डॉ. दीपिका दुबे, डॉ. वैशाली भगत सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कार्यालयीन स्टाफ— भागीरथ अहिरवार, हरिशंकर चक्रवर्ती, आकाश सिंह ठाकुर, हुकम प्रसाद अहिरवार, मनीष कुमार बेन—तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 400 विद्यार्थियों की सहभागिता उल्लेखनीय रही।